(ग) कोयला खदानों में होने वाली मृत्यु और कोयला के चूर्ण से संबंधित बीमारियों से होने वाली मृत्यु को रोकने हेतु अब तक अपनाए गए सुरक्षात्मक उपायों के असफल रहने के क्या कारण सामने आए हैं; और

(घ) सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार कर रही है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) और (ख) देश के खनिकों की कोयले की धूल से संबंधित बीमारियों से हुई मौतों के संबंध में कोई भी अध्ययन नहीं किया गया है । चूंकि इस कारण होने वाली किसी भी मौत की सूचना नहीं है ।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

स्पंज आयरन का उत्पादन

5137. **श्रीमती सुषमा स्वराज** : क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों के दौरान देश में स्पंज आयरन का उत्पादन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं हुआ है;

(ख) यदि हां तो क्या इन वर्षों के दौरान उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों जैसे उत्तम गुणवत्ता वाली कोयले की अपर्याप्त मात्रा में आपूर्ति, कच्चे लोहे के परिवहन हेतु पर्याप्त सुविधाओं में कमी आदि बातों की ओर सरकार का ध्यान भी आकृष्ट किया गया था;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में कोई कदम उठाए हैं, और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) से (घ) देश में स्पंज लोहे का उत्पादन अधिकांशतः निजी क्षेत्र की इकाइयों में होता है तथा इन इकाइयों द्वारा लक्ष्य का उल्लेख नहीं किया जाता । तथापि, पिछले तीन वर्षों के दौरान स्पंज लोहे के उत्पादन में वृद्धि हुई है । कोयले पर आधारित स्पंज लोहा इकाइयों द्वारा उठाई गयी प्रमुख समस्याओं में से एक समस्या उपयुक्त ग्रेड के अकोककर कोयले की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होना है । लोहा और इस्पात के निर्माताओं को निजी खानों का विकास करने के लिए अनुमति देने के लिए कोयला खान राष्ट्रीयकरण अधिनियम, 1973 को 9-6-93 से संशोधित कर दिया गया है । यह संशोधन खानों से निकाले गए कोयले की धुलाई के लिए धोवन शालाओं को स्थापना करने की अनुमति भी देता है । इसके अतिरिक्त अब अकोककर कोयले पर से सीमा शुल्क को 85% से घटाकर 35% कर दिया गया है । आशा है कि इन उपायों से कोयले पर आधारित स्पंज लोहे के उत्पादन में वृद्धि होगी ।

Effect of coal dust on employees of Bokaro Steel Plant

5138. SHRI GAYA SINGH : Will the Minister of STEEL be pleased to state :

(a) whether it is a fact hat employees of Bokaro Steel city residing at sector IX, VIII, IV, III and II are badly affected by coal dust of Chandrapur especially in summers ;

(b) whether it is also a fact that due to this many of them are suffering from diseases relating to heart, lungs and eyes ;

(c) if so, the steps taken by Government in this regard ; and

(d) if no steps have been taken, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SANTOSH MOHAN DEV) : (a) and (b) During winter months (November to February) as the predominent wind direction is towards Bokaro Township from D.V.C. Chandrapur side, the dust particles in the ambient air are carried mostly towards Sector-IX and Sector-VIII of Bokaro Steel City. This results in fly ash concentration in the air (not coal dust). However, this problem is not significant during the summer months.

There is no significant difference in the incidence of heart, lung and eye diseases amongst employees residing in Sectors-IX, VIII, IV, III & II as compared to employ-